**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–11.01.2025** **(दोपहर–1455 बजे)**

- देश को नशा मुक्त करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों को मजबूत करते हुए भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा पूरे देश में ड्रग्स विनष्टीकरण पखवाड़ा चलाया जा रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर नई दिल्ली में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में दो हजार चार सौ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थों को नष्ट करने के लिए अभियान की शुरूआत की। अपने संबोधन में श्री शाह ने कहा कि चुनौतियों को देखते हुए रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा।

- इस पखवाड़े के अंतर्गत देश का सबसे बड़ा ड्रग डिस्पोजल एनसीबी द्वारा सरायकेला खरसावां जिले में हुआ। गृह मंत्रालय द्वारा पूरे भारत में 9 स्थानों पर ड्रग्स विनष्टीकरण पखवाड़ा चलाया जा रहा है जो 11 से 25 जनवरी तक चलेगी। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ऑनलाइन जुड़े रहे। जोनल डायरेक्टर एनसीबी, अभिषेक आनंद ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा पूरे देश को नशा मुक्त करने की पहल को सशक्त बनाया जा रहा है

- अफीम की खेती को रोकने के लिए राज्य सरकार जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। रांची के बुंडू में अवैध अफीम की खेती को नष्ट करने को लेकर गृह सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने उच्चस्तीय बैठक की। उन्होंने पोस्ते की खेती पर पूर्णतः लगाम लगाने का निर्देश दिया। डीजीपी ने अफीम की खेती में संलिप्तता पाए जाने पर अधिकारियों को कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। झारखंड को पर्यटन हब बनाने के लिए पर्यटन विभाग, वन विभाग और नगर विकास विभाग बेहतर समन्वय स्थापित कर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करे। उन्होंने कहा कि सरकार धनबाद की तोपचांची झील को आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की बेहतर कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ रही है।

- राज्यपाल संतोष गंगवार ने रांची में भारतीय इतिहास लेखन में महिला विमर्श विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ किया। राँची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित कार्यक्रम मे राज्यपाल ने कहा कि भारत के इतिहास में महिलाओं का योगदान अद्वितीय और प्रेरणादायक रहा है। सावित्रीबाई फुले, रानी लक्ष्मीबाई और झारखंड की वीर नायिकाएँ, जैसे फूलो–झानो, इस बात के प्रतीक हैं कि महिलाओं ने हमेशा समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। माननीय राज्यपाल महोदय ने कहा कि इन महान महिलाओं के योगदान को इतिहास में उचित स्थान दिलाना हमारी जिम्मेदारी है।

- साहिबगंज जिले में पशुपालक किसानो की आय बढ़ाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

- उत्तरप्रदेश में अयोध्या के भव्य राम मंदिर में, रामलला की प्राण–प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में, आज से तीन दिन का विशेष आयोजन प्रारंभ हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष 22 जनवरी को राम जन्मभूमि मंदिर का उद्घाटन किया था। सिमडेगा जिले में श्री रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर चौक–चौराहों को भगवा ध्वजों से सजाया गया।

*********समाप्त************